रामेश्वर प्रसाद सत्यनारायण शिक्षा एवं कृषि जनकल्याण समिति,
६/३/३२ ए बल्लाहाता रिकाबगंज, अयोध्या

पत्रांक .... दिनांक ....

रामेश्वर प्रसाद सत्यनारायण शिक्षा एवं कृषि जनकल्याण समिति की बैठक दिनांक 18.05.2022 का कार्यवृत्त

दिनांक: 12.05.2022 को प्रसारित सूचना के अधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 18.05.2022 को **रामेश्वर प्रसाद सत्यनारायण शिक्षा एवं कृषि जनकल्याण समिति, 9/3/32 ए बल्लाहाता, रिकाबगंज, जिला–अयोध्या उ0प्र0 के प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक** अध्यक्ष श्री राजेश तिवारी की अध्यक्षता में **रामेश्वर प्रसाद सत्यनारायण शिक्षा एवं कृषि जनकल्याण समिति,** के बैठक कक्ष में प्रातः 10:00 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

एजेण्डा:–	1. प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव। 2. पूर्व में प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव। 3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

क्रमांक	नाम	पद	हस्ताक्षर
1.	श्री राजेश तिवारी	अध्यक्ष	
2	श्रीमती नीलम पाण्डेय	उपाध्यक्ष	
3	श्री विनोद तिवारी	प्रबन्धक	
4	श्री शिवशंकर तिवारी	उपप्रबन्धक	
5	श्रीमती संध्या तिवारी	मंत्री	
6	श्री मनोज दूबे	उपमंत्री	
7	श्री शिव कुमार तिवारी	सदस्य	
8	पं0 कालिका प्रसाद मिश्र	सदस्य	
9	श्री संजय सिंह	सदस्य	

प्रस्ताव सं0–1.	गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुई–
प्रस्ताव सं0–2.	प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही प्रबन्धक श्री विनोद तिवारी ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।
अनुमोदन–	श्रीमती नीलम पाण्डेय, उपाध्यक्ष ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था जिसके क्रम में समिति द्वारा हाईकोर्ट में रिट भी दाखिल की गई है। अतः समिति द्वारा ग्राम–पलिया माफी, पोस्ट–शाहगंज, जिला–अयोध्या उ0प्र0 में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।
प्रस्ताव सं0–3.	उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से ग्राम–पलिया माफी, पोस्ट–शाहगंज, जिला–अयोध्या उ0प्र0 में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु प्रबन्धक श्री विनोद तिवारी को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे–भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन, आदि मदों में व्यय हेतु समिति के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी प्रबन्धक श्री विनोद तिवारी को अधिकृत किया गया।